卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 203 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦4 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## कार खाई में गिरने से पांच की मौत, युवती गंभीर

### मसूरी घूमने आये थे चार युवक और दो युवतियां, वापस लौटते समय हुआ दर्दनाक हादसा



मसूरी(उद संवाददाता)। मसूरी देहरादून मार्ग झड़ीपानी रोड पर शनिवार सुबह एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में चार युवकों और एक युवती की मौत हो गयी। जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल है उसे दून अस्पताल भर्ती कराया गया है। हादसा सुबह करीब पांच बजे चूनाखाल झाड़ी पानी मार्ग पर कमल कॉटेज के समीप हुआ। फोर्ड कार अनियंत्रित होकर मार्ग से नीचे सड़क पर उल्टा होकर गिर गयी। कार में चार युवक और दो युवतियां सवार थी। सूचना पर मसूरी पुलिस फायर सर्विस एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो (शेष पृष्ठ सात पर)

## खाई में गिरने से दो मजदूरों की मौत

देहरादून। सीमांत तहसील से जुड़े निमगा गांव के पास सड़क निर्माण कार्य में लगे दो मजदूर संतुलन बिगड़ने से खाई में गिर गए। जानकारी के मुताबिक लोक निर्माण विभाग अस्थाई खंड चकराता द्वारा इन दिनों निमगा गांव को यातायात सुविधा से जोड़ने वाले ढ़ाई किमी लंबे संपर्क मार्ग का सड़क सुधारी करण एवं डामरीकरण कार्य कराया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य की खराब गुणवत्ता के चलते मार्ग का कार्य शुक्रवार को बंद करा दिया था। बताया जा रहा है सड़क कार्य बंद होने से ठेकेदार के साथ काम कर रहे कुछ मजदूर रात में खाना खाकर डेरे में सोने जा रहे थे। इस दौरान शौच के लिए रात में बाहर गए दो मजदूर 21वर्षीय हिमांशु पुत्र संजू, निवासी इंद्रावली कल्याणपुर सहारनपुर, एवं 27 वर्षीय विकास पुत्र सतपाल, निवासी इंद्रावली कल्याणपुर सहारनपुर संतुलन बिगड़ने से पहाड़ की चोटी से नीचे गिर गए। एक की मौके पर मौत हो गयी जबकि दूसरे की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## वनाग्नि को रोकने के लिए सीएम ने ली उच्च स्तरीय बैठक



देहरादून(उद संवाददाता)। वनों में बेकाबू हो रही आग की घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को अहम बैठक ली। मुख्य मंत्री दिल्ली से ही वीडियोकांफ्रेसिंग के जरिये इस बैठक से जुड़े। उन्होंने वन विभाग की कार्ययोजना की समीक्षा की। देहरादून सचिवालय में शासन के आला अधिकारी इस बैठक में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बता दें उत्तराखंड में शुक्रवार को जंगलों की आग और भड़क गई। 24 घंटे के भीतर वनाग्नि की 64 घटनाएं सामने आई हैं। शुक्रवार को प्रदेश में सामने आई वनाग्नि की 64 घटनाओं में गढ़वाल में 30, कुमाऊं में 29 और वन्यजीव क्षेत्रों में पांच घटनाएं शामिल हैं। 24 घंटे के भीतर 74.67 हेक्टेयर जंगल आग की चपेट में आया। बृहस्पतिवार को सोमेश्वर के स्यूनराकोट के जंगल में लगी आग दो श्रमिकों की मौत हो गयी थी। एक और महिला श्रमिक का हल्द्वानी में इलाज चल रहा है। जिसके बाद आज शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वनाग्नि रोकथाम को लेकर उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। बैठक में सीएम धामी ने वनाग्नि की रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## पुलिस चौकी में घुसी बेकाबू बस,कई घायल



देहरादून (उद संवाददाता)। दिल्ली से आ रही बस नारसन बार्डर पर अनियंत्रित होकर पुलिस चौकी में जा घुसी हादसे में कई यात्रियों सहित चौकी में तैनात होमगार्ड भी घायल हो गया। घटना से चौकी मलवे के ढेर में तब्दील हो गयी। जानकारी के मुताबिक नारसन बॉर्डर पर शनिवार तड़के चार बजे दिल्ली की ओर से आ रही तेज रफ्तार प्राइवेट बस पुलिस चौकी में घुसकर पलट गयी। जिससे बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चौकी के परखच्चे उड़ गए, और पूरी चोकी मलवे के ढेर में तब्दी हो गयी। घटना के वक्त चौकी में होमगार्ड नरेश मौजूद थे। मलवे में दबकर वह बुरी तरह घायल हो गये। आसपास के लोगों और रहागीरों ने होमगार्ड को मलबे से निकाला, फिर बस की छत पर लगे वेंटीलेशन व आगे और पीछे टूटे हुए शीशों के रास्ते से सवारियों को बमुश्किल बाहर निकाला गया। हादसे में वैभव पुत्र राजीव निवासी नोएडा, आशु पुत्र सतपाल हरियाणा रोहतक, पंकज कुमार पुत्र महेश निवासी सिंध्या नगर चंडीगढ़, निशा पुत्री विजय सिंह निवासी गुरुग्राम, निश्चय पुत्र मुक्तलाल गुप्ता, मोदीनगर घायल हो गये जबकि कुछ अन्य यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं। हादसे के बाद से बस का ड्राइवर व परिचालक मौके (शेष पृष्ठ सात पर)

## अफसाना हत्याकाण्ड का खुलासा,कातिल पति गिरफ्तार



हल्द्वानी (उद संवाददाता)।विगत 10 अप्रैल को टीपी नगर के नीलांचल कॉलोनी में एक महिला आस्था उर्फ अफसाना की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए करते हुए हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने खुलासा करते हुए बताया कि हत्याकाण्ड को लेकर मृतका के पिता शरीफ अहमद उर्फ शफीक शेख पुत्र स्व. छोटे निवासी वार्ड नं- 14 सुभाष कॉलोनी रुद्रपुर ने तहरीर देते हुए बताया था कि अपनी पुत्री आस्था उर्फ अफसाना जो सात वर्ष पहले सौरभ के साथ विवाह कर अपनी दोनों बेटियों के साथ डहरिया में किराये के मकान में रह रही थी, जिसकी सौरभ द्वारा हत्या कर अपनी दोनों बच्चियों को साथ लेकर फरार हो गया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सर्विलांस, सीसीटीवी अन्य माध्यमों से पूछताछ ढूँढ खोज कर अन्य स्थानों बरेली, बैगलौर, अयोध्या, आगरा, रूद्रपुर तलाश की गई। हत्या के आरोपी सौरभ को पुलिस ने रूद्रपुर से गिरफ्तार कर लिया है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतका का मोबाईल बरेली के किसी अन्य व्यक्ति द्वारा प्रयोग किया जा रहा था पूछताछ में बताया कि उक्त मोबाईल एक व्यक्ति से मथुरा में खरीदा था। इसके बाद टीम द्वारा मथुरा जाकर आरोपी की तलाश की गयी जहाँ पर टीम को पता लगा कि सौरभ अपनी दोनो बच्चियों का मथुरा के किसी संस्था में दाखिला कराने वाला है दाखिले के लिए जन्म प्रमाम पत्र लेने के लिए घर गया है। आरोपी की रूद्रपुर में तलाश की गयी तथा गल्ला मण्डी के पास से उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी (शेष पृष्ठ सात पर)

## महिला की संदिग्ध मौत, पति पर हत्या का लगाया आरोप



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिनेशपुर में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंचे मृतका के परिजनों ने उसके पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की। जानकारी के अनुसार दिनेशपुर वार्ड 5 निवासी 21 वर्षीय ज्योति पत्नी अभिषेक की गत सायं तबीयत बिगड़ गई। उसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंचे मृतका के परिजनों ने बताया कि अभिषेक नशा का आदी है। उसने ज्योति के नाम से महिला समूह के मध्ये बैंक से 6 लाख रूपये का लोन लिया था। लेकिन किश्तें जमा नहीं कर रहा था। जिसको लेकर दोनों का अक्सर झगड़ा होता था। उनका आरोप था कि बीमार होने पर भी ज्योति का इलाज नहीं करवाता था और नशे में पैसा खर्च करता था। परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि ज्योति की अभिषेक ने ही हत्या की है। इधर पुलिस का कहना है अकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। साथ ही तहरीर मिलने पर मामले की जांच की जायेगी।

## नशेड़ी ने युवक पर पाटल से किया हमला



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नशे के लिए रूपये न देने पर गत रात्रि किच्छा रोड़ पर ग्राम आनन्दपुर में नशेड़ी ने युवक पर पाटल से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। शांतिपुरी नम्बर 2 निवासी संजय सिंह कोरंगा पुत्र चंचल सिंह ने बताया कि गत रात्रि करीब 10 बजे वह ग्राम आनन्दपुर से घर को वापस लौट रहा था। तभी एक परिचित युवक नशे की हालत में उसके पास आया और नशे के लिए रूपये मांगने लगा। संजय का कहना है कि उसे 800 रूपये दे दिये परंतु वह और रूपये मांगने लगा। जब उसने रूपये देने से मना कर दिया। तभी उस युवक ने उस पर पाटल से हमला कर दिया । जिससे उसके सिर पर गहरी चोट आ गई। शोर मचाने पर युवक वहां से भाग गया। संजय ने जिला चिकित्सालय में अपना उपचार कराया और मामले से पुलिस का अवगत कराया।

## गुड़गांव में राजबब्बर के साथ प्रचार में जुटे सौरभ बेहड़



गुड़गांव(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के दो चरण समाप्त हो चुके हैं। देश की लगभग 200 से अधिक सीटों पर मतदान हो चुका है ऐसे में अभी देश भर में पांच चरणों का मतदान बाकी है। जहां सभी राजनीतिक दलों के लोग चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। गुड़गांव की बादशाहपुर सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी और फिल्म अभिनेता राज बब्बर अपने चुनाव प्रचार में जोरों शोरों से लगे हुए हैं, उनके प्रचार में रूद्रपुर के युवा कांग्रेस नेता सौरभ बेहड़ भी जी जान से जुटे हैं। राजबब्बर ने आज अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ बादशाहपुर विधानसभा में जनसंपर्क किया और घर-घर जाकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान उन्होंने गठबंधन सरकार की उपलब्धियां बताई। उन्होंने कहा यदि इस बार केंद्र में गठबंधन की सरकार बनेगी तो सर्व समाज का विकास किया जाएगा। जनसंपर्क के दौरान युवा कांग्रेसी नेता सौरभ राज बेहड ने भी घर-घर जाकर राज बब्बर के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर ने सौरभ बेहड को पटका पहनाकर उनका स्वागत किया।(शेष पृष्ठ सात पर)

## 8.66 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्मैक की तस्करी में लिप्त एक तस्कर को पुलिस ने 8.66 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। नशा विरोधी अभियान के तहत पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गंगापुर रोड पर स्थित शैल भवन के पास एक युवक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा जिस पर पुलिस ने पीछा करके उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सुमित वर्मा (शेष पृष्ठ सात पर)

# सुगम और व्यवस्थित रूप से संचालित करें चारधाम यात्रा

## राज्यपाल ने उत्तराखण्ड चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर शासन के उच्चाधिकारियों के साथ की बैठक



देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को राजभवन में उत्तराखण्ड चारधाम यात्रा की तैयारियों के संबंध में शासन के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में चारधाम यात्रा से जुड़े जिलों के जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, संबंधित अन्य अधिकारी भी वीडियो कांफ्रेंसिंग से मौजूद रहे। राज्यपाल ने कहा कि चारधाम यात्रा उत्तराखण्ड की सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्था की पहचान है। यात्रा को सहज, सुगम और व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए विभागों सहित सभी हितधारकों का आपसी समन्वय जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि यह 09 से 05 की ड्यूटी नहीं है बल्कि इसमें प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को पूरे समर्पण भाव से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा में आने वाला प्रत्येक यात्री हमारा ब्रांड अम्बेसडर है, हमारा प्रयास रहे कि वह यहां से संतुष्ट होकर जाएं। राज्यपाल ने कहा कि विगत वर्षों के अनुभवों से सीख लेते हुए हमें इस वर्ष सभी चुनौतियों से निबटने के लिए रोडमैप तैयार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर विभाग को अपने फर्स्ट रिस्पांडर यानी यात्रियों तथा आमजन के संपर्क में सबसे पहले आने वाले कार्मिकों को चिन्हित कर उन्हें प्रशिक्षित करना चाहिए। इनकी सहायता से बुजुर्गों, पशुओं और अस्वस्थ यात्रियों को सुगम अनुभव देने में सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्गों में यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं सहित उनकी सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए। चारधाम यात्रा में स्थानीय लोगों की भागीदारी व उनका सहयोग अवश्य लिया जाए। राज्यपाल ने कहा कि यह हम सबका कर्तव्य है कि यात्रा के दौरान हम सभी यात्रियों को ऐसी सुविधा उपलब्ध कराएं जिससे दुनिया में उत्तराखण्ड के प्रति अच्छा संदेश जाए। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सहायता के लिए आवश्यक सूचनाओं का प्रचार-प्रसार का नेटवर्क मजबूत होना चाहिए। इस दौरान राज्यपाल ने चारधाम यात्रा में विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारियों जिनमें पर्यटन विभाग, लोक निर्माण, पुलिस, परिवहन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, चिकित्सा, शहरी विकास, पेयजल, आपदा प्रबंधन, नागरिक उड्डयन, पशुपालन, सूचना एवं लोक संपर्क, सूचना प्रौद्योगिकी सहित अन्य विभागों की वर्तमान तक की तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। विभागीय अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि सभी तैयारियां यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व सुनिश्चित कर ली जाएगी। बैठक में सचिव पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन सचिन कुर्वे ने बताया कि इस वर्ष 15 अप्रैल से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया गया है। अब तक चारधाम यात्रा के लिए 19.10 लाख से अधिक लोगों द्वारा पंजीकरण करवाया जा चुका है। जिसमें से मई माह हेतु ही लगभग 11.06 लाख श्रद्धालु पंजीकरण करवा चुके हैं। उन्होंने बताया कि गत वर्ष धामों में दर्शन के लिए कतार प्रबंधन हेतु स्लॉट/टोकन व्यवस्था शुरू की गई थी, जिससे दर्शन के दौरान अनावश्यक भीड़ लगने से बचने में लाभ मिला था, अत: इस वर्ष भी यह व्यवस्था सुचारू रहेगी। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा के लिए 9 ऑपरेटर्स की हैली सेवाएं ली जा रही हैं जिनकी दरें निश्चित कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि आईआरसीटी के माध्यम से भी हैली सेवाओं की ऑनलाइन बुकिंग की जा रही है। हैली बुकिंग से संबंधित शिकायत निवारण प्रक्रिया के लिए नोडल अधिकारी की तैनाती की जा रही है। सचिव परिवहन अरविन्द सिंह ह्यांकी ने बताया कि यात्रा मार्ग पर चलने वाले सभी वाहनों को फिटनेस ग्रीन कार्ड व ट्रिप कार्ड जारी किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा पर आये वाहनों की जांच के लिए जगह-जगह पर ऑटोमेटिक फिटनेस सिस्टम लगाए गए हैं, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर.राजेश कुमार ने बताया कि यात्रा मार्गों में हेल्थ एटीएम स्थापित किये जा रहे हैं, स्थानीय स्तर पर लोगों को स्वास्थ्य मित्र का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो होटल आदि में ठहरने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की इमरजेंसी होने पर सहायता करेंगे। उन्होंने बताया कि गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष चिकित्सकों की संख्या में बढ़ोत्तरी करते हुए कुल 184 चिकित्सक यात्रा मार्ग पर अपनी सेवाएं देंगे। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने बताया कि यातायात एवं भीड़ प्रबंधन हेतु प्रदेश में 09 सुपर जोन, 37 जोन व 112 सैक्टर बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा की निगरानी सीसीटीवी व ड्रोन के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने बताया कि यात्रियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी व गलत जानकारी प्राप्त करने से बचाने के लिए साइबर सेल और सोशल मीडिया सेल का निर्माण किया गया है। इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से जुड़े गढ़वाल मंडल के जिलाधिकारियों ने अवगत कराया कि यात्रा मार्गों पर हाईटेक शौचालयों का विस्तार किया गया है, साथ ही मुख्य स्थानों पर सौंदर्यीकरण एवं हाईमास्ट लाइट व स्ट्रीट लाईटों का विस्तार किया गया है। बैठक में अपर निदेशक शहरी विकास ललित नारायण मिश्रा ने बताया कि प्रशासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के निस्तारण के लिए क्यूआर कोड व्यवस्था लागू की गई है, जिसके माध्यम से कम से कम 80 प्रतिशत प्लास्टिक की बोतलें और अन्य कूड़े को निष्पादन के लिए एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में प्रमुख सचिव एल फैनाई, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव रंजीत कुमार सिन्हा, सचिव आर मिनाक्षी सुन्दरम, सचिव दिलीप जावलकर, सचिव पंकज कुमार पाण्डेय, सचिव विनोद कुमार सुमन, आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर एपी अंशुमन, आईजी गढ़वाल के. एस.नागन्याल, अपर सचिव राज्यपाल स्वाति एस भदौरिया, अपर सचिव आशीष श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# खाद्य पदार्थों की सैम्पलिंग कराने के निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी ने खाद्य सुरक्षा (सुरक्षित भोजन एवं स्वस्थ आहार) पर जिला स्तरीय सलाहकार समिति की त्रैमासिक बैठक अपने कार्यालय में ली। अपर जिलाधिकारी ने अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये कि खाद्य पदार्थों की निरंतर सैम्पलिंग कराकर लैब में जांच कराये। उन्होने कहा कि यदि जांच में किसी प्रकार की मिलावट या अन्य किसी प्रकार गड़बड़ी पाई जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करें। उन्होने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये कि व्यापार मण्डल, स्वास्थ्य विभाग, औद्योगिक संस्थान आदि के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर लोगों को जागरूक भी करें एवंम आपसी तालमेल से कार्य करते रहें। उन्होंने कहा कि खान-पान मनुष्य जीवन की सबसे महत्वपूर्ण मूलभूत सुविधाओं में से एक है इसमें किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता अत: अधिक से अधिक सैम्पलिंग हर छोट-बड़े स्तर पर की जाए। उन्होंने कहा की त्योहारों के समय पर मिलावटी खाद्य पदार्थ बाजार में अधिक सक्रिय रहते है तो ऐसे समय में और अधिक सतर्कता के साथ कार्यरत रहें। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से कहा कि दोषी पाए गए लोगों पर जुर्माना लगाने के साथ-साथ उसका भुगतान करवाना भी सुनिश्चित करें ताकि राज्य को किसी भी प्रकार की राजस्व हानि न हो। उन्होंने कहा कि जनसाधारण को जागरूक किया जाए की फोर्टिफाइड चावल की मिलावट सरकारी मानक मापदंडों के अनुसार की जाती है। फोर्टिफाइड चावल में सूक्ष्म पोषक तत्व पाए जाते है जो कि उपभोक्ताओं के लिए लाभकारी होते है। अत: उपभोक्ताओं को फोर्टिफाइड चावल की मिलावट को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रांति नहीं होनी चाहिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि गत त्रैमासिक में 65 लीगल सैम्पल व 158 सर्विलांस सैम्पल लिए गए जिसमें से अभी तक 21 लीगल सैम्पल व 86 सर्विलांस सैंपल की रिपोर्ट प्राप्त कर ली गई है। इस त्रैमासिक में 15 केस लॉच किये गये है जिसके सापेक्ष 14 केस पर निर्णय आ चुका है। उन्होंने बताया कि इस त्रैमासिक में रू0 252000 (दो लाख बावन हजार) का जुर्माना लगाया गया है। बैठक में महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार, सहायक कृषि अधिकारी यशपाल सिंह, सीएओ शिक्षा अनंत पाल बिष्ट, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्या, अपर्णा साह , श्याम आर्या, अभिहित अधिकारी खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन अधिकारी आदि उपस्थित थे।



# पैगा स्थित मत्स्य आहार केंद्र में आहार निर्माण शुरू

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार के निर्देशन में विकासखंड काशीपुर की ग्राम पंचायत पैगा में 'मत्स्य आहार केंद्र -ग्रोथ केंद्र' में आहार निर्माण का कार्य प्रारंभ कर लिया गया है। इस कार्य को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के फेडरेशन भारत सीएलएफ की देखरेख में किया जा रहा है । यह ग्रोथ सेंटर वर्ष 2023-24 में स्थापित किया गया था । वर्तमान में मत्स्य विभाग द्वारा 60 क्विंटल आहार की माह-मई 2024 में मांग की गई है। भारत सीएलएफ द्वारा इस हेतु कच्ची सामग्री अपनी धनराशि से क्रय की गई है। इस ग्रोथ सेंटर के संचालन से 3250 महिलाएं प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से लाभान्वित होगी



# एनएनए के स्वास्थ्य लाभ के लिए किया हवन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ब्रेन हेमरेज के चलते गुड़गांव के अस्पताल में भर्ती नगर निगम के मुख्य नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए तमाम लोगों ने शनिवार को आर्य समाज मंदिर में हवन यज्ञ किया। हवन यज्ञ के मुख्य यजमान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व संजय ठुकराल रहे। हवन यज्ञ पुरोहित प्रभात कुमार के सानिध्य में हुआ। इस दौरान सभी ने यज्ञ में आहुति देकर नरेश दुर्गापाल के शीघ्र स्वास्थ और दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि नरेश दुर्गापाल गुड़गांव के एक अस्पताल में भर्ती हैं उनका एक आपरेशन सफल हो चुका है जबकि दूसरा आपरेशन होने वाला है। ठुकराल ने कहा कि दुर्गापाल एक काबिल पीसीएस अधिकारी हैं। किच्छा रोड पर कूड़े के पहाड़ को हटाने का काम नरेश दुर्गापाल ने ही शुरू कराया था। नरेश दुर्गापाल जहां भी रहे हैं वहां रहकर उन्होंने आम जनता के बीच अपनी अलग पहचान बनायी है। लोकसभा चुनाव में भी उन्होंने पूरी जिम्मेदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन किया। चुनाव के बाद ही अचानक उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया और उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। श्री ठुकराल ने कहा कि नरेश दुर्गापाल शीघ्र स्वस्थ होकर पुन: नगर निगम में अपनी सेवाएं देंगे ऐसी उनकी ईश्वर से कामना है। इस अवसर पर सुनील चुघ, रामकुमार गुप्ता, बंटी कोली, राजकुमार भुसरी, हनीश ग्रोवर, डा. संदीप डोगरा, केरू मण्डल, चिराग कालरा, मुकेश सिंह, हिम्मत राम, मनोहर सिंह, अजय नारायण, राम लाल, शैलेन्द्र कोली, राजीव, दीपक सागर, कांति कोली, जितेन्द्र सागर, नत्थू लाल कोली, जोमी चाण्डा, उमेश कोली, अंशुल कोली, राजू गुप्ता, कमल सैनी, सुखवंत सिंह, बॉबी टुटेजा,गौरव खुराना, राजेश गर्ग, मनोज गुप्ता, हरभजन सिंह, अजीत सिंह, नत्थू लाल, रामपाल, सुदीप सिंह, शिवपद सरकार, हरिओम पासवान, बंटी राजौरिया, हैप्पी चौहान, जगदीश सुखीजा, एसएन वर्मा, सुरेन्द्र रावल, कमलदीप सोनकर, सुरेन्द्र गुप्ता, विकास बंसल, विपिन राजपूत, गौरव शुक्ला, विकास तिवारी, फुदेना साहनी, अंकित गुप्ता, संजीव गुप्ता, दिनेश गुप्ता, अंकित यादव, राजेश बंसल, विकास बंसल, विक्की सैनी, गौरव कुशवाहा, नवल किशोर, रीत लाल यादव, शंकर जायसवाल, राजवीर सिंह विर्क, विक्की आहूजा आदि थे।



# काशीपुर में हेली सेवा के लिए भूमि नहीं

काशीपुर(उद संवाददाता)। चुनाव में नेताओं के हैलीकॉप्टर भले ही काशीपुर में उतरते रहे हो लेकिन आम जनता को हैली सेवा में उपलब्ध कराने के लिए काशीपुर तहसील में उपयुक्त भूमि नहीं है। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता तथा समाज सेवी संस्था माकाक्स के अध्यक्ष नदीम उद्दीन ने 2021 में उत्तराखंड नागरिक उड्डन विकास प्राधिकरण को काशीपुर को हैलीसेवा से जोड़ने की आवश्यकता व महत्व बताते हुये उत्तराखंड के पांचवें सबसे अधिक आबादी वाले, आई.आई. एम. वाले, ऐतिहासिक तथा प्रदेश के सीमान्त प्रवेश द्वार वाले नगर काशीपुर को हैलीसेवा से जोड़ने का निवेदन किया था। इस पर सहमत होते हुये प्राधिकरण ने अपने पत्रांक 4908 दिनांक 28 जुलाई 2021 से जिलाधिकारी, उधमसिंह नगर से श्री नदीम के सुझाव/निवेदन की प्रति संलग्न करते हुये उक्त स्थान पर हैलीपेड निर्माण हेतु अथवा हैलीपेड निर्माण की दृष्टि से उपयुक्त अन्य चयनित चयनित भूमि का स्थलीय निरीक्षण के पश्चात भूमि के कार्डिनेटस तथा भूमि का स्वामित्व की जांच/आख्या उत्तराखंड नागरिक उड्डन विकास प्राधिकरण को उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी। लंबे समय तक किसी कार्यवाही की सूचना न मिलने पर श्री नदीम ने जिलाधिकारी कार्यालय के लोक सूचना अधिकारी से सूचना मांगी तो लोक सूचना अधिकारी/मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, कलैक्ट्रेट, उधमसिंह नगर ने प्राधिकरण को पत्र प्राप्त होने तथा इस हेतु उपजिलाधिकारी काशीपुर के जांच आख्या/प्रस्ताव हेतु पत्र तथा रिमान्डर भेजे जाने से अवगत कराया तथा सूचना प्रार्थना पत्र को इसकी सूचना हेतु उपजिलाधिकारी, काशीपुर को हस्तांतरित कर दिया। उपजिलाधिकारी काशीपुर ने इस प्रार्थना पत्र को लोक सूचना अधिकारी तहसील काशीपुर को हस्तांतरित कर दिया। लोक सूचना अधिकारी/वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, तहसीलदार कार्यालय, काशीपुर ने अपने पत्रांक 133 दिनांक 06-04-2024 से डीम्ड लोक सूचना अधिकारी/राजस्व निरीक्षक क्षेत्र पैगा की सूचना की प्रति उपलब्ध करायी। इसके साथ काशीपुर तहसील के समस्त राजस्व उपनिरीक्षकों की रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध करायी है। इसमें सभी राजस्व उपनिरीक्षकों ने उनके क्षेत्र के किसी भी ग्राम में हैलीसेवा हेतु कोई भी निर्विवाद भूमि उपलब्ध नहीं होने की रिपोर्ट दी है। श्री नदीम ने बताया कि प्राधिकरण के पत्र पर 3 वर्ष तक कार्यवाही न होना तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा मामले में रूचि न लेना तथा रूकवाये रखना अत्यंत चिन्ता जनक तथा निराशा पूर्ण है। श्री नदीम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को भेजे गये सुझावों में हैलीसेवा की आवश्यकता के मुख्य आधारों में काशीपुर उत्तराखंड का सबसे अधिक आबादी वाला नगर होने, कुमाऊं मण्डल का प्रवेश द्वार, रेलवे जंक्शन वाला नगर निगम क्षेत्र होने, हेमपुर (गौशाला) तथा कुण्डेश्वरी एस्कॉर्ट फार्म में पर्याप्त भूमि होने, आई. आई.एम. वाला नगर होने, औद्योगिक तथा ऐतिहासिक नगर तथा पर्यटन की संभावनाओं वाला शहर होने, प्रदेश स्तरीय गन्ना आयुक्त कार्यालय होने, 1952 से मांग वाला प्रस्तावित जिला मुख्यालय होने, प्राइवेट व सरकारी इंडस्ट्रियल इस्टेट सहित विभिन्न आधारों का उल्लेख किया है।

# फाउंडेशनल एज ग्रुप के बच्चों के लिए अंतर्राष्ट्रीय पाठ्यक्रम का शुभारंभ 5 मई से




रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शिक्षा के क्षेत्र में यूं तो शुरू से ही तराई की धरती के शिक्षण संस्थाओं का अपना एक अहम योगदान रहा है, वही जिला मुख्यालय रुद्रपुर की बात की जाए तो रुद्रपुर से भी इस धरती ने कई योग्य अभ्यर्थियों को अपनी शिक्षा की गहराइयों से उच्च पदों पर बिठाया है, जिसमें आज की भी बात की जाए तो इसमें आईएएस, आईपीएस तक के अधिकारियों को उन्होंने अपनी कुशल शिक्षा की रणनीति में देश की लोक सेवा आयोग में स्थान दिया है, ऐसे में एक नाम आता है क्रिम्सन वर्ल्ड स्कूल का जो अब एक नए स्वरूप में अब आ रहा है। स्कूल के जीएम अनुराग शर्मा ने बताया कि एक बेहतर और कुशल शिक्षा को देना हर शिक्षण संस्थान का काम है, इसमें हम भी यह प्रयास करते हैं कि हमारे देश की नई पीढ़ी पूर्णता अपनी शिक्षा के क्षेत्र और संस्कृति के विकास में आगे बढ़े इसके लिए एक बेहतर प्रयास संस्थान ने किया है।रूद्रपुर स्थित क्रिम्सन वर्ल्ड स्कूल रुद्रपुर में फाउंडेशनल एज ग्रुप के बच्चों के लिए अंतर्राष्ट्रीय पाठ्यक्रम का शुभारंभ 5 मई शाम 5:30 बजे से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव कुमार वर्माहोंगे। साथ ही क्रिम्सन वर्ल्ड स्कूल की डायरेक्टर फरजाना दोहादवाला, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर 'हुसैन दोहादवाला', उप चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर कीर्ति एवं नैशनल हेड स्वाति तोमर के संग अन्य मुख्य अतिथि भी शामिल होंगे।उन्होंने बताया कि क्रिम्सन वर्ल्ड स्कूल रुद्रपुर 'उधम सिंह नगर' में पहला विद्यालय है जो फाउंडेशनल वर्ग के विद्यार्थियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय पाठ्यक्रम का अनुसरण करेगा। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में जो भी बड़ी उपलब्धियां प्राप्त करने वाले छात्र हैं उनके लिए भी विद्यालय प्रबंधन ने कई योजनाएं तय की गई हैं जिन पर पूरा प्रबंध काम कर रहा है और ऐसे बच्चों को जिन में जो पूरी तरह से प्रतिभावन हैं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए क्रिम्सन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल उनके साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ा रहेगा।




**आवश्यकता है**

**सिडकुल स्थित फैक्ट्री के लिए 8वीं/10वीं पास युवकों की। वेतन योग्यतानुसार**

**-सम्पर्क करें-**

परफैक्ट सेल्स कार्पोरेशन प्लाट नं. 12, सेक्टर IIDC सिडकुल, रूद्रपुर, मो. 9654467133

# अक्रिमणकारी ठेली वालों पर चला पुलिस का डंडा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गांधी पार्क के सामने व अम्बेडकर पार्क में अतिक्रमणकारी ठेली स्वामियों के खिलाफ आज बाजार चौकी पुलिस ने अभियान चलाते हुए उन्हें किसी भी दशा में यातायात बाधित न करने की सख्त हिदायत दी और ठेलियों को व्यवस्थित ढ़ंग से खड़ा करने को कहा। बाजार चौकी प्रभारी पंकज मेहर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांधी पार्क के सामने और अम्बेडकर पार्क में पहुंचकर बेतरतीब खड़ी ठेली स्वामियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में यातायात को बाधित नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी ठेलियां व्यवस्थित रूप से ही खड़ी की जायें। उन्होंने अन्य शहरों से आये ठेली स्वामियों को सत्यापन कराने को कहा। उन्होंने कहा कि भविष्य में गलत ढ़ंग से ठेली खड़ी करने वाले स्वामियों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी। अतिक्रमण किसी भी दशा में बर्दाश्त नही किया जायेगा। इस दौरान सूरज सिंह कश्यप, विशाल कश्यप, चंदन बिष्ट, रविन्द्र बिष्ट, अनिल कोली, धर्म स्वरूप, रामप्रकाश शर्मा, नन्हे सागर, रामचन्द्र राठौर, महेश राठौर, महिपाल, प्रमोद रस्तोगी, प्रेम सिंह बिष्ट, कैलाश बिष्ट, करन बिष्ट आदि ठेली स्वामी मौजूद थे।





# पी.एस.क्लासेस से इंटर के छात्रों ने किया केमिस्ट्री में टॉप



शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। क्षेत्र निर्मल नगर के पी. एस. क्लासेस से उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा की इंटरमीडिएट के केमिस्ट्री विषय में सत प्रतिशत परिणाम रहा। जिसमें अभिजीत सरकार ने 100 में से 99 अंक, अंकित मजूमदार ने 98 अंक, अंशिका बर्मन ने 97 अंक, निशा साना ने 96 अंक, सोनिया राय ने 86 अंक, महेश्वर सरदार में 83 अंक, रोहित मालाकार ने 79 अंक , रोहन बक्शी ने 76 अंक आदि छात्रों ने सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त कर संस्था एवं परिवारजनों का नाम रोशन किया! अध्यापक प्रकाश सरदार ने छात्रों कि उनकी उपलब्धि पर शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य कामना की ।

# गंगा में डूबे युवक का शव बरामद

ऋषिकेश । पौड़ी गढ़वाल जिले के थाना लक्ष्मण झूला क्षेत्र के मस्तराम घाट पर रविवार को गंगा नदी में डूबे साहिल गुप्ता (25) का शव एसडीआरएफ ने पशुलोक बैराज से बरामद किया। परिजनों ने शव की शिनाख्त की। शव को ऋषिकेश पुलिस के सुपुर्द किया गया है। रविवार को आठ लोगों का ग्रुप दिल्ली से ऋषिकेश स्वर्गाश्रम घूमने आया था। मस्तराम घाट पर नहाने के दौरान साहिल गुप्ता पुत्र सुनील कुमार निवासी गौर सिटी टू ट्वेल्थ एवेन्यू नोएडा उत्तर प्रदेश और नेहा (29) पुत्री शिवदत्त निवासी पीलीभीत उत्तर प्रदेश नदी में डूब गए थे। अन्य चार को मौके पर राफ्टिंग गाइड द्वारा रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया था।



# बाईक पर कच्ची शराब ले जाते दो तस्कर पकड़े

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान बाईक पर बोरे में भरकर कच्ची शराब ले जा रहे दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम चैकिंग करते इन्द्रा चौक होते हुए किच्छा रोड पहुंची तो मुखविर की सूचना मिलने टीम तीन पानी तिराहा के पास पहुंची। जहां कुछ देर में मोटर साईकिल संख्या यूके 04एच 8258 पर सवार दो लोग आते दिखाइ दिये। जब चालक को रूकने को कहा तो वह वापस भागने लगा। जिस पर पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड लिया । पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम पता संदीप सिंह पुत्र हरनाम सिंह निवासी बिन्दुखेड तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम मंगत सिंह पुत्र गुरमेल सिंह निवासी बिन्दुखेड़ा बताया। तलाशी लेने पर बाईक पर रखे बोरे में 165 पाउच कच्ची शराब के बरामद हुए। उनका कहना था कि वह शराब किच्छा में बेचते हैं। पुलिस ने बाईक व शराब कब्जे में लेकर दोनों नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।




# वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

गदरपुर(उद संवाददात)। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हुए बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई जिससे परिजनों में कोहराम मच गया । वार्ड नंबर 10 गदरपुर निवासी बाबू अली (35 वर्ष) दांतों का क्लीनिक चलाते थे । गत बृहस्पतिवार दोपहर करीब 3 बजे मुरसैना मिलक खानम जिला रामपुर यूपी से लौटते हुए सकैनिया पीएचसी के सामने अज्ञात वाहन बाइक को टक्कर मार कर मौके से फरार हो गया। हादसे में बाबू अली छिटककर दूर जा गिरे और बेहोश हो गए लोगों द्वारा उपचार के लिए उन्हें सीएचसी ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया । देर सायं परिजन मृतक के शव को अपने गांव मुरसैना मिलक खानम जिला रामपुर उत्तर प्रदेश ले गए ।

# संसद और विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफे पर कानून बने : छाबड़ा

रूद्रपुर। उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य अखिलेश यादव कन्नौज संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं इससे पूरे वे 2019 में उत्तरप्रदेश से लोकसभा के लिए चुने गए लेकिन 2022 में उन्होंने साँसद रहते हुए करहल से विधानसभा चुनाव लड़ा और विधायक बन गए, लोकसभा से किस वजह से इस्तीफा दिया। कोई ठोस कारण नही यही काम जेल में बन्द आजम खान ने भी किया। दोनों लोकसभा क्षेत्रों में नेताओं की मनमर्जी की वजह से उपचुनाव करवाने पड़े। जिसका जनता को कोई लाभ नहीं मिला, कोई व्यक्ति अगर किसी सदन का सदस्य हैं। तो उसे बेवजह दूसरा चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं होनी चाहिए, ताकि सरकारी खजाने की बेवजह बर्बादी ना हो नेता लोग दूसरा चुनाव के नतीजे आने तक अपनी पुरानी सदस्यता से इस्तीफा नहीं देते और दोनों हाथों में लड्डू रखते हैं। इस पर कानून ये होना चाहिए कि अगर कोई शख्स लोकसभा या विधानसभा सीट से त्यागपत्र देता है तो तत्काल उसके निकटतम प्रतिद्वंद्वी को निर्वाचित घोषित किया जाए और कोई उपचुनाव नहीं होना चाहिए। उपाय ये भी हो सकता है उपचुनावों का सम्पूर्ण खर्चा इस्तीफा देने वाले से वसूला जाए। दो सीटों से चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं होनी चाहिए अगर ये सम्भव नही तो रिक्त होने वाली सीट पर उपचुनाव के बदले निकटतम प्रतिद्वंद्वी को निर्वाचित घोषित किया जाना चाहिए।

# भाजपा के पूर्ण बहुमत की गौरी ने की पूजा

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में प्रथम चरण के तहत लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुका है। पूरे देश के लोकसभा चुनाव संपूर्ण होने के बाद 4 जून को आएंगे। अब राज्य में नगर निगम और नगर पालिका चुनाव को लेकर भी कमर कसी जा रही है। राज्य आंदोलनकारी और वरिष्ठ भाजपा नेता तरुण पंत के नेतृत्व में फूलसुंगी के पूर्व ग्राम प्रधान और पूर्व पार्षद सुरेश गोरी व अन्य कार्यकर्ताओं ने देहरादून जाकर प्रदेश अध्यक्ष वा राज्य सभा सांसद महेंद्र भट्ट से मुलाकात की। जहां राज्य आंदोलनकारी हरीश जोशी ने मंत्रोचारण के साथ सरकार और संगठन के कुशल नेतृत्व की शुभकामनाएं दी। भाजपा नेता सुरेश गौरी ने बताया कि उन्होंने हरिद्वार स्थित हर की पैड़ी में स्नान के बाद मां मनसा देवी और मां चंडी देवी के मंदिर में पूजा अर्चना की जहां लोकसभा की पांचो सीटों तथा केंद्र में भाजपा सरकार 400 पार की मनोकामना की। साथ ही नगर निगम और नगर पालिका में होने वाले चुनाव को लेकर भी विजयश्री का कामना की। इसके पश्चात वह माता की चुनरी प्रसाद के रूप में लेकर देहरादून स्थित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट के आवास पहुंचे। जहां उन्होंने प्रसाद के रूप में माता की चुनरी श्री भट्ट को भेंट की। इस दौरान लोकसभा चुनाव संपन्न होने तथा आने वाले नगर निगम चुनाव को लेकर प्रदेश अध्यक्ष से वार्ता की गई। इस मौके पर वीरेंद्र कुमार, विनीत पंत, निकुंज पंत, अशोक कुमार, सिद्धार्थ जोशी आदि मौजूद थे।



# वंचित लोगों के शीघ्र बनाये जायेंगे वोट: विकास

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने अपर जिला अधिकारी वित्त अशोक जोशी से मुलाकात कर चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार निकाय के लिए जो वोट नही बन पाए उन्हें बनवाने की प्रक्रिया को सुचारु रूप से चलवाने की मांग की। जिस पर अशोक जोशी ने बताया कि सभी बीएलओ को निर्देश दे दिए गए हैं कि वह एक सप्ताह तक अपने बूथ पर बैठकर कैंप लगाकर जो वोट नगर निकाय चुनाव के लिए छूट गए हैं उनका फॉर्म भरने का आदेश जारी कर दिया गया है और सभी बूथों पर नए वोट बनाने के फॉर्म भी उपलब्ध करा दिए गए हैं। प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि निकाय चुनाव के लिए प्रत्येक वार्ड में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वोट बनवाए गए हैं लेकिन कुछ क्षेत्रों में कुछ लोगों के वोट छूट गए हैं जिसके लिए बीजेपी के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने चुनाव आयोग से निवेदन किया था कि जो वोट नही बनवा पाए हैं ऐसे वोटो को बनाने का समय बढ़ाया जाए जिस पर कार्रवाई करते हुए चुनाव आयोग ने 10 दिन का समय दिया है इसलिए क्षेत्र की समस्त जनता से अनुरोध है कि नगर निकाय में जिनका वोट नहीं बना है वह अपने बीएलओ से मिलकर अपने या अपने स्थानीय पार्षद अथवा जन प्रतिनिधि से मिलकर अपना वोट बनवा ले। वोट बनवाने के लिए उस स्थान पर रहने का कम से कम 6 माह पुराना कोई भी प्रूफ होना चाहिए। इस दौरान सचिन छाबड़ा, गिरीश पाल, महेंद्र आर्या, कमल राणा, विजय तोमर, भीम सेन गुप्ता आदि उपस्थित थे।



# कैलाश गहतोड़ी की अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## काशीपुर पहुंचकर सीएम पुष्कर सिंह धामी सहित भाजपा के दिग्गज नेताओं ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि





काशीपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी काशीपुर में अध्यक्ष वन विकास निगम कैलाश गहतोड़ी के आवास पहुंचकर उनके निधन पर पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी एवं शोक-संवेदना व्यक्त की और परिजनों का ढांढस बढ़ाया। श्री धामी शव यात्रा में शामिल हुए एवं पार्थिव शरीर को कंधा दिया। श्री धामी ने ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति एवं अपने श्रीचरणों में स्थान देने की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि गहतोड़ी जी अब नहीं हैं, दिल नहीं मानता, हर क्षण बस उनके साथ बिताए पल आंखों के सामने आ रहे हैं और समय स्थिर हो जा रहा है। उन्होंने कहा कि कैलाश दा को जब भी जो जिम्मेदारी मिली उन्होंने उसे बखूबी निभाया। उन्होने कहा कि वे एक जमीन से जुड़े नेता थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैलाश दा का सहज और सरल व्यवहार सदैव हमारी स्मृतियों में जीवंत रहेगा। आप हमेशा याद आएंगे। इस दौरान राज्यसभा सांसद महेन्द्र भट्ट, पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, जिलाधिकारी उदयराज सिंह आदि ने स्व0 गहतोड़ी के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं उत्तराखंड वन विकास निगम अध्यक्ष का शव अपने आवास पर पहुंचा, जहां पर उनके दर्शन के लिए लोगों का तांता लग गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी , राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट समेत प्रदेश भर से पहुंचे भाजपा के विधायकों व पदाधिकारियों सहित सैकड़ों भाजपा नेताओं ने उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होकर भावभीनी विदाई दी। वहीं कैलाश गहतोड़ी के पार्थिव शरीर को उनके बेटे शशांक गहतोड़ी ने मुखाग्नि दी। गौरतलब है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता एंव चंपावत के पूर्व विधायक कैलाश गहतोड़ी 2017 और 2022 में चंपावत से चुनाव जीते थे। इसके बाद 2022 में ही उन्होंने सीएम धामी के लिए अपनी सीट से इस्तीफा दिया था। शुक्रवार की सुबह वन विकास निगम अध्यक्ष कैलाश चंद्र गहतोड़ी का निधन हो गया। वह लंबे समय से कैंसर से ग्रस्त चल रहे थे। पिछले दिनों वह अपनी बीमारी के इलाज के लिए विदेश भी गये थे। इन दिनों कैलाश गहतोड़ी देहरादून यमुना कालोनी स्थित अपने सरकारी आवास में थे। जहां उनका निधन हो गया। कैलाश गहतोड़ी मूल रूप से चंपावत के निवासी थे। लेकिन उन्होंने काशीपुर में भी अपना आवास बना लिया था। वह गिरीताल रोड पर अपने बंगले में रह रहे थे। जहां उनका दोपहर लगभग 12:15 बजे गिरीताल रोड स्थित घर पर उनका शव लाया गया। उनकी मौत की सूचना के बाद से उनके घर पर तांता लग गया। इस दौरान लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। जहां पुलिस फोर्स व्यवस्था बनाने के लिए तैनात रही। कुंडेश्वरी रोड स्थित साई मंदिर के पास आज शाम 4 बजे के आसपास उनका अंतिम संस्कार किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी शव यात्र में शामिल हुए। सीएम पुष्कर सिंह धामी समेत भाजपा नेताओं ने कैलाश गहतोड़ी के निधन पर शोक जताया। कैलाश गहतोड़ी अपने पीछे पत्नी और दो बेटों सहित भरे पूरे परिवार को छोड़ गये हैं।

## जमीन से जुड़े सरल व्यवहार के नेता थे कैलाश दा : धामी



काशीपुर। काशीपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष दिवंगत कैलाश गहतोड़ी की अंतिम यात्रा में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कैलाश गहतोड़ी के अंतिम संस्कार में सीएम धामी और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष समेत कई बीजेपी नेता शामिल हुए। वहीं देश के विभिन्न राज्यों में चुनाव प्रचार के बीच काशीपुर पहुंचकर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने अपने करीबी मित्र और सियासत के सहयोगी रहे दिवंगत नेता कैलाश गहतोड़ी को भावनीभीनी विदाई दी। गहतोड़ी के निधन से भावुक मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि गहतोड़ी जी अब नहीं हैं, दिल नहीं मानता, हर क्षण बस उनके साथ बिताए पल आंखों के सामने आ रहे हैं और समय स्थिर हो जा रहा है। सीएम धामी ने कहा कि कैलाश दा को संगठन से जब भी जो जिम्मेदारी मिली उन्होंने उसे बखूबी निभाया। वे एक जमीन से जुड़े नेता थे। चम्पावत के विकास के साथ ही प्रदेश के लिए कुछ कर गुजरने की उनकी चाहत उन्हें विशेष व्यक्ति बनाती थी। क्षेत्र में उनके द्वारा कराये गये विकास कार्यों को पूरा किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैलाश दा का सहज और सरल व्यवहार सदैव हमारी स्मृतियों में जीवंत रहेगा।





## सड़क किनारे खड़े वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने शुक्रवार को सचिवालय में पुलिस महानिदेशक, कमिश्नर गढ़वाल, जिलाधिकारी देहरादून, टिहरी व पौड़ी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून, टिहरी व पौड़ी के साथ ट्रैफिक मैनेजमेंट के लेकर बैठक की। इस दौरान मुख्य सचिव ने ट्रैफिक मैनेजमेंट हेतु जिलाधिकारियों को दीर्घ अवधि के प्रस्ताव शासन को जल्द भेजने तथा लघु अवधि के सुधारात्मक कदम तत्काल उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारियों को चारधाम यात्रा रूट्स के वैकल्पिक मार्गो के प्रस्तावों पर भी कार्य करने के निर्देश दिए।




मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने चारधाम यात्रा आरंभ होने से पूर्व ऋषिकेश, लक्ष्मणझूला, मुनि की रेती, तपोवन व श्रीनगर में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरूस्त करने को लेकर शनिवार से अवैध रूप से सड़क किनारे खड़े वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने ऋषिकेश में सड़क किनारे खड़े वाहनों की अवैध पार्किग की समस्या व उससे होने वाले ट्रैफिक जाम के संबंध में ऋषिकेश में राफ्टिंग स्थलों व कैम्पिंग के पास ही पर्यटकों के वाहनों हेतु निजी भूमि में भी पार्किंग की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे होटल व रेस्टोरेंट मालिकों के विरूद्ध भी कार्रवाई की जाए जो अपने कर्मचारियों व ग्राहकों हेतु उपयुक्त पार्किंग की व्यवस्था नहीं कर रहे हैं तथा सड़कों पर अवैध पार्किंग को बढ़ावा दे रहे हैं। मुख्य सचिव ने विभिन्न स्थलों पर ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए नीलकंठ सहित विभिन्न संकरी सड़कों के चौड़ीकरण के प्रस्ताव तत्काल शासन को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत ट्रैफिक मैनेजमेंट को यात्रा से पहले ही दुरूस्त करें।

## पुलिस चौकी में घुसी बस

हरिद्वार। नारसन बॉर्डर पर शनिवार की भोर करीब चार बजे दिल्ली की ओर से आ रही तेज रफ्तार प्राइवेट बस एक पुलिस चौकी में घुसते हुए पलट गई। जिससे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चौकी के परखच्चे उड़ गए। चौकी पर तैनात होमगार्ड नरेश भी मलबे में दब गए। आसपास के लोगों और रहागीरों ने होमगार्ड को मलबे से निकाला, फिर बस की छत पर लगे वेंटीलेशन व आगे और पीछे टूटे हुए शीशों के रास्ते से सवारियों को बाहर निकाला गया।



जानकारी के अनुसार हादसे में वैभव पुत्र राजीव निवासी नोएडा, आशु पुत्र सतपाल हरियाणा रोहतक, पंकज कुमार पुत्र महेश निवासी सिंध्या नगर चंडीगढ़, निशा पुत्री विजय सिंह निवासी गुरुग्राम, निश्चय पुत्र मुक्तलाल गुप्ता, मोदीनगर समेत बाकी कुछ को हल्की चोटें आईं हैं। हादसे के बाद से बस का ड्राइवर व परिचालक मौके से फरार हो गए। बस में लगभग 60 यात्री बताए जा रहे हैं।

## ईंट भट्ठे पर मजदूरों को बंधक बनाए जाने पर गृह सचिव से जवाब तलब

नैनीताल। नैनीताल हाईकोर्ट ने हरिद्वार में ईंट-भट्ठे पर बंधक बना कर रखे जाने के मामले को बेहत गंभीर माना है। कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए गृह सचिव से दो सप्ताह में जवाब तलब किया है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि जिन 37 मजदूरों को मुक्त कराया गया है, उन्हें क्या सुविधाएं दी गईं हैं। मामले की अगली सुनवाई 13 मई को होगी। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। सहारनपुर निवासी अनिल कुमार ने याचिका में कहा था कि हिमालया ब्रिक फील्ड गुरुकुल नारसन रोड ग्राम टिकोला काला तहसील रुड़की के मालिक विजय पॉल व पॉन्टी ने 45 मजदूरों को ईंट-भट्ठे पर बंधक बनाकर रखा है। जब इस प्रकरण पर सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि 37 मजदूरों को मुक्त करा लिया गया है तो कोर्ट ने इसे बेहद गंभीर मानते हुए गृह सचिव को दो सप्ताह में यह बताने के लिए कहा है कि प्रदेश में पिछले पांच साल में विजिलेंस की कौन-कौन सी कमेटियां बनाई गईं हैं और इन कमेटियों ने क्या कार्रवाई की है। हाईकोर्ट ने यह भी बताने के निर्देश दिए हैं कि मुक्त कराए गए बधुआ मजदूरों को क्या-क्या सुविधाएं दी गईं हैं।

## हेली टिकट बुक कराने वाली 12 फर्जी वेबसाइट कराई बंद

देहरादून। चारधाम यात्रा के लिए हेली टिकट बुक कराने का दावा करने वाली 12 फर्जी वेबसाइटों को साइबर थाना पुलिस



ने बंद कराया है। एसटीएफ और साइबर थाना पुलिस को लगातार शिकायतें भी मिल रही हैं। इससे हरकत में आई पुलिस ने वेबसाइट को चिह्नित करना शुरू कर दिया। पिछले साल 64 वेबसाइट बंद कराई गई थीं। पिछले साल से अब तक बंद कराई गई वेबसाइटों की संख्या 76 हो चुकी है। पिछले साल से युकाडा ने हेली सेवाओं को बुक कराने का काम आईआरसीटीसी को दिया था। वर्ष 2022 में कई फर्जी वेबसाइट से साइबर ठगों ने सैकड़ों लोगों को ठगी का शिकार बनाया था। इसके बाद एसटीएफ और साइबर थाना पुलिस ने पिछले साल शुरुआत से ही फर्जी वेबसाइट को चिह्नित करना शुरू कर दिया था। हर रोज फर्जी वेबसाइटें बंद कराई जा रही थी। बावजूद लोग साइबर ठगी का भी खूब शिकार हुए। ऐसे में एसटीएफ ने पूरे गैंग के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज किया था, जबकि, 40 मुकदमे कई मामलों में थानों और साइबर थाने में दर्ज किया गया था। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया, इस बार भी कई शिकायतें आईं थीं। जिलों में भी लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसी के मद्देनजर साइबर थाना पुलिस ने 12 वेबसाइट को अब तक बंद करा दिया है। ये वेबसाइट असली वेबसाइट से मिलती जुलती भी हैं और कुछ इस तरह के यूआरएल तैयार किए हैं जिनसे लोग इन पर आसानी से यकीन कर सकते हैं। सभी के पेज मोबाइल नंबर आदि दर्ज किए गए थे। एसएसपी ने बताया, साइबर थाना पुलिस और एसटीएफ लगातार वेबसाइट को चिह्नित करने में जुटे हुए हैं। इस काम में केंद्रीय गृह मंत्रालय के पोर्टल आईफोरसी का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। एसएसपी एसटीएफ ने बताया, यदि किसी को इंटरनेट पर फर्जी वेबसाइट दिखती है या फिर ठगी का शिकार बनाने की आशंका है तो जानकारी एसटीएफ से साझा की जा सकती है। लोग ऑफिस आकर भी शिकायत कर सकते हैं। इसके साथ ही दो नंबर 9456591505 और 9412080875 पर भी इनका स्क्रीनशॉट भेजा जा सकता है।

# सिक्स सिग्मा में वार्षिक महोत्सव स्पंदन-2024 की धूम






रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक महोत्सव एवं विदाई समारोह स्पंदन 2024 बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया । समारोह में कॉलेज ऑफ फार्मेसी, कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक एवं कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल के छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए । इस कार्यक्रम में संस्थान प्रशासन एवं जूनियर छात्रों द्वारा अपने सीनियर्स को विदाई दी गयी। कार्यक्रम संचालक ऋषिका रॉय, ईशा बिष्ट, रोहन बाठला एवं हिमांशु पाठक ने विद्यार्थी जीवन की मधुर स्मृतियां को याद करके अध्यापकों और अतिथियों का आभार प्रकट किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा एवं विशेष अतिथि युनो मिंडा कंपनी के एचआर हेड संदीप उपध्याय, इंजीनियरिंग हेड पर्था प्रतिनिदोय एवं मैन्युफैक्चरिंग हेड आदेश त्रिपाठी रहे । कायर्क्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि शिव अरोरा, संस्थान के चेयरमैन राजेश डावर, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, निर्देशिका डॉ. सीमा अरोरा, मैनेजमेंट मेम्बर वंश डाबर,शौर्य अरोरा, डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट एवं कॉलेज ऑफ फार्मेसी प्राचार्य डॉ. विजय सिंह ने मां सरस्वती के कर कमल में दीप प्रज्वलन कर किया । संचालक ईशा बिष्ट तथा रोहन बठला ने समारोह का प्रारंभ भक्ति गीत से कराया तथा मधुर संगीत एवं आकर्षक नृत्य, तथा म्यूजिक बैंड द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई जो सराहनीय रहे । सांस्कृतिक कायर्क्रम होने के उपरान्त अन्तिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के बीच मिस्टर एंड मिस फेयरवेल प्रतियोगिता आयोजित की गई । जिसके विजेता इंजीनियरिंग विभाग से दमर अवस्थी एवं पूनम यादव, डिप्लोमा इन फार्मेसी से मोहम्मद जावेद एवं ज्योति दास तथा बैचलर ऑफ फार्मेसी से अभिशिक्त अगस्तीन एवं प्रियंका पानू चुने गए एवं मिस्टर एंड मिस स्पार्क अटल बिहारी वाजपेयी अवार्ड हनुमत बुङ्गी(सीविल) एवं अंशिका बाठला को दिया गया एवं स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवार्ड सिविल के देवांग रॉय एवं फार्मेसी के सूरज ढाली को मिला द्य सोशल मीडिया इन्फ्लुनेसर पंकज जीना एवं उनकी टीम ने अत्यंत मनोहक कहानी प्रस्तुत की तथा अंत में इस विदाई कायर्क्रम के मुख्य अतिथि शिव अरोरा ने अन्तिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और यह संबोधन भी किया कि अगर हम अपने क्षेत्र में योग्यता रखेंगे तो हमें निश्चित ही सफलता की प्राप्ति होगी एवं संस्थान द्वारा प्लेसमेंट में चयनित छात्र-छात्राओं को ऑफर लेटर प्रदान किया गया । इस अवसर पर संस्थान के मैनेजमेंट सदस्य- ऋतू डावर, ज्योति ग्रोवर, संगीता ग्रोवर, राजीव ग्रोवर, सजल डावर, सी.ए.ओ.अनुभव बाठला, कॉलेज ऑफ नर्सिंग के उप-प्रधानाचार्य- सुश्री कल्पलता सिंह, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर रजत धवन, शिवम् शर्मा, दीपिका देउपा, आलिया नाज, शिल्पा विश्वकर्मा एवं रिचा तिवारी(कल्चरल टीम) स्वाति जोशी, अमित प्रकाश, मुकेश कुमार, साहिल छाबड़ा, गिरीश गुरूरानी, प्रगति सक्सेना , मिली रावत, संगीता भाकुनी, कृष्णशील, रोहित सिंह पडियार, ललित भट्ट, कार्तिक हालदार, सागर कुमार, अभिषेक कुमार, दिग्विजय सिंह, मुनीश कुमार, संतोष कुमार आदि सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं वछात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।






# स्वच्छ कल्याणी परियोजना और अपशिष्ट पृथक्करण पर सेमिनार आयोजित



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिल्ली पब्लिक स्कूल के इंटरैक्ट क्लब ने स्वच्छ कल्याणी परियोजना और अपशिष्ट पृथक्करण पर एक सेमिनार का आयोजन किया। स्कूल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और समुदाय के बीच स्थायी प्रथाओं और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना था।इस सेमिनार में क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा नेतृत्व में व्यावहारिक चर्चाएँ की गईं, जिसमें जल संरक्षण में कल्याणी परियोजना के महत्व और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र पर इसके प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। इसके अतिरिक्त, प्रतिभागियों ने पर्यावरण प्रदूषण को कम करने और स्वच्छ, हरित भविष्य को बढ़ावा देने में अपशिष्ट पृथक्करण के महत्व के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त की। इस सेमिनार को सफल बनाने में उनके अमूल्य योगदान और समर्थन के लिए सम्मानित अतिथियों, रोटेरियन ओम सिंघल और रोटेरियन बीएस बिष्ट, रोटेरियन सुमित सिंह बहल को विशेष धन्यवाद दिया गया । उनकी विशेषज्ञता और समर्पण ने चर्चाओं को समृद्ध किया और सभी उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। इंटरैक्ट क्लब इंटरैक्ट सचिव मौलिक कक्कड़ और परियोजना समन्वयक गौरी गगनेजा का भी हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिनके समर्पण और संगठनात्मक कौशल ने इस कार्यक्रम को निर्बाध रूप से समन्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर ने सभी का धन्यवाद दिया और कहा की हम सभी को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करना होगा जिससे देश की प्रगति हो सके।साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि डीपीएस के विद्याथियों कल्याणी नही को बचाने के लिए हमेशा तैयार है वअपना योगदान देंगे।

# निकाय चुनाव को लेकर सौंपी जिम्मेवारियां

खटीमा (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक बैठक आगामी नगर पालिका चुनाव की तैयारी को लेकर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष जीवन धामी ने की। बैठक में मतदाता सूची का परीक्षण कर प्रत्येक वार्ड में मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से छूट मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए टीम गठित की गई। बैठक में तय किया गया कि पार्टी के प्रत्येक वार्ड के सक्रिय कार्यकर्ता अपने-अपने वार्ड में मतदाता सूची में छूटे हुए नाम को जोड़ने का काम करेंगे एवं कोई भी फर्जी मतदाता यदि मतदाता सूची में शामिल होगा तो इसकी शिकायत की जाएगी। बैठक में पार्टी के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ताओं को अलग-अलग वार्डों में मतदाता सूची का निरीक्षण करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य कारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी,जिला महामंत्री सतीश गोयल, नंदन सिंह, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, अमित कुमार पांडे, कामिल खान, सतीश भट्ट, किशन सिंह, भुवन भट्ट, दिनेश अग्रवाल, नवल वाल्मीकि, संतोष अग्रवाल, संदीप वाल्मीकि, मोहनी पोखरिया, संतोष गौरव, राहुल चौहान, ओमप्रकाश ठाकुर, प्रमोद गहतोड़ी, राहुल सक्सेना, शुभम वाल्मीकि, सचिन रस्तोगी, प्रदीप गुप्ता, आलोक गोयल, सूरज धामी, विजय गुप्ता, नीलू गुप्ता, इंदिरा चंद, सुरेश जीना, सुरेश जीना, राजेश गुप्ता, पप्पू सक्सेना, भगवान दास गुप्ता अधिकारिकता उपस्थित थे।



# बच्चों को कूड़ा प्रबंधन के लिए किया जागरूक





रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल में रोटरी क्लब और इंटरेक्ट क्लब द्वारा कल्याणी नदी की साफ सफाई एवं शहर में फैल रहे कचरे के प्रबंधन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ विशिष्ट अतिथियों रोटेरियन डॉक्टर बी.एस. बिष्ट, रोटेरियन सुमित बहल, रोटेरियन जयप्रकाश अग्रवाल, रोटेरियन मोहित राय प्रबंधक आर. ए.एन. पब्लिक स्कूल एजुकेशन सोसाइटी, रोटेरियन डॉक्टर नीतिका पांडे, नगर निगम के विनोद कुमार एवं करन सिंह द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने विशिष्ट अतिथियों को पौधा प्रदान करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। तत्पश्चात प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने आए हुए सभी अतिथिगण का स्वागत करते हुए कहा कि इस कार्य में योगदान देकर हम अपने पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में सहयोग करेंगे। डॉक्टर नितिका पांडे एवं गौरी गगनेजा ने बच्चों को कूड़े के पृथकीकरण के बारे में बताया। तत्पश्चात रोटेरियन डॉक्टर बी.एस. बिष्ट तथा रोटेरियन जयप्रकाश अग्रवाल ने बच्चों को कल्याणी नदी परियोजना से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों को इस योजना से जुड़ने के लिए जागृत किया। अंत में विद्यालय प्रबंधक मोहित राय ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और उनके चलाए गए इस आंदोलन में पूर्णतः सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# जन संवाद कार्यक्रम में सुनी समस्याएं

खटीमा (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुंदेली नवोदय पब्लिक स्कूल के पीछे स्थित ममता कॉलोनी में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के समक्ष जन संवाद कार्यक्रम में स्थानीय जनता ने अपनी समस्याएं उठाई। स्थानीय निवासियों ने बरसात के कारण जल भराव की समस्या एवं विद्युत पोल एवं नाली निर्माण की



समस्या प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के समक्ष रखी। रमेश चंद्र जोशी ने स्थानीय निवासियों की समस्याओं का हर संभव समाधान करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता संपन्न होने के बाद संबंधित विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर कॉलोनी वासियों की समस्याओं के निराकरण का हल निकाला जाएगा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नगर महामंत्री मनोज वाधवा, अमित सिंह, अंकित सिंह, करण यादव, राहुल सक्सेना, कुमारी मीरा, सुशीला देवी, मजहर अंसारी, वीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह आदि कॉलोनी वासी उपस्थित थे।

# मंगल घट स्थापना के साथ अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर छह में स्थित काली मंदिर परिसर में नाम संकीर्तन कमेटी की देखरेख मे बुधवार से अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू हो गया। मंगल ध्वनि के बीच मंगल घट की स्थापना हुई। इसके बाद 16 प्रहर व्यापी अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू हुआ। जिसमें श्रीराम संप्रदाय दिल्ली, राधे राधे संप्रदाय मियांपुर लखीमपुर खीरी, राधा गोविंद संप्रदाय महाराष्ट्र, श्रीहरि संप्रदाय व श्रीगोपाल संप्रदाय दिनेशपुर की



मंडली भाग ले रही है। नाम संकीर्तन शनिवार सुबह छह बजे तक चलेगा। इससे पहले संकीर्तन की पूर्व संस्था बुधवार की सांय को महिला पुरुष ने नगर में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली।वहां कमेटी अध्यक्ष रवि सरकार, भवेश हालदार, प्रसनजीत शाह, इन्द्रजीत मंडल, गोविंद मंडल, प्रीतम गाईन, अरुण विश्वास, रंजीत गाईन आदि थे।

# गहतोड़ी का निधन पार्टी के लिए बड़ी क्षतिः भट्ट

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने उत्तराखंड वन विकास निगम के अध्यक्ष व चंपावत के पूर्व विधायक कैलाश गहतोड़ी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। केंद्रीय मंत्री भट्ट ने कहा कि गहतोडी जी का जाना समाज और पार्टी के लिए गहरी क्षति है। गहतोड़ी ने जीवन भर सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दुखद खबर से उनका मन व्यथित हैं। भट्ट ने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरी पार्टी कैलाश गहतोड़ी के परिवार के साथ खड़ी है। वह ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांतिऔर परिजनों को इस दुख सहने की शक्ति के लिए प्रार्थना करते हैं।



# पेट्रोल लेकर जा रहे टैंकर के केबिन में आग लगने से मचा हड़कंप, हादसा टला

देहरादून। प्रेमनगर में शुक्रवार को एक बड़ा अग्निकांड होने से बच गया। 14 हजार लीटर पेट्रोल लेकर जा रहे टैंकर के एक केबिन में आग लग गई। पहले चालक ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। कुछ देर बाद फायर ब्रिगेड और ओएनजीसी की फायर टीम ने आग पर काबू पाया। आग को टैंकर तक पहुंचने से पहले ही बुझा लिया गया। इससे वहां पर बड़ा हादसा होने से बच गया। वहीं, टैंकर में आग लगती देख राहगीरों में अफरा-तफरी भी मच गई। साथ ही ट्रैफिक भी रोक दिया गया। घटना शुक्रवार शाम करीब तीन बजे की है। एक पेट्रोल टैंकर प्रेमनगर से झाझरा की तरफ जा रहा था। इसी बीच टैंकर के केबिन से धुआं निकलना शुरू हो गया। यह देखकर टैंकर चालक केबिन से कूद गया और आग बुझाने वाले छोटे यंत्र से फोम का छिड़काव करने लगा। लेकिन, आग ने केबिन को अपनी चपेट



में ले लिया। कुछ देर बाद वहां पर फायर स्टेशन देहरादून और ओएनजीसी फायर फाइटिंग टीम भी पहुंच गई। दोनों टीमों की दो गाड़ियों ने केबिन में लगी आग को बुझाया। घटना के वक्त वहां पर वाहनों की भीड़ लग गई। लोगों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने वहां जाम खुलवाया। टैंकर में 14 हजार लीटर पेट्रोल भरा था जो कि झाझरा स्थित पेट्रोल पंप पर ले जाया जा रहा था। आग अगर टैंकर तक पहुंच जाती तो वहां पर बड़ा हादसा हो जाता। आग लगने का कारण बैटरी के तारों में स्पार्किंग होना बताया जा रहा है। टैंकर को सड़क किनारे खड़ा किया गया है। फायर ब्रिगेड के एक्सपर्ट अग्निकांड के कारणों की जांच कर रहे हैं। गर्मियों में वाहनों में भी आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में चालकों को भी सावधानी बरतने की जरूरत है। वाहन के केबिन में छोटा फोम सिलेंडर जरूर रखें। ताकि, कम आग को फैलने से बचाया जा सके। गर्मियों में इंजिल और इलेक्ट्रिक वायरिंग का तापमान भी बढ़ जाता है। लिहाजा, हर दिन वायरिंग को चेक करें।गाड़ी अगर पुरानी है तो गर्मियों में इसकी नियमित वर्कशॉप में चेकिंग कराएं।डेशबोर्ड पर सामने की तरफ चश्मा या उत्तल प्रकृति के कांच को न रखें इससे सूरज की रोशनी और अधिक तीव्र हो जाती है।गाड़ी के अगले हिस्से से यदि तार जलने की दुर्गंध आती है तो सावधान होकर गाड़ी सड़क किनारे लगा लें।गाड़ी में फंसने की दशा में खिड़की तोड़ने वाले हथौड़े को अपने साथ जरूर रखें। ताकि, एकदम खिड़की तोड़कर बाहर निकल सकें। कार के शीशों को हेड रेस्ट की रॉड के निचले हिस्से से भी आसानी से तोड़ा जा सकता है।

# मांगों को लेकर परीक्षा नियंत्रक को भेजा ज्ञापन

बागेश्वर(उद संवाददाता)।बीएबीएससी तृतीय सेमेस्टर एवं एमए, एमएससी,एमकॉम, प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाफल घोषित न होने से छात्र संघ नाराज है।भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा परीक्षाफल जल्द घोषित करने,वंचित रहे छात्रों के लिए पुनः फीस पोर्टल खोलने की मांग को लेकर परीक्षा नियंत्रक को छात्र संघ अध्यक्ष राहुल कुमार के नेतृत्व में ज्ञापन भेजा, एवं 6जी सेमेस्टर में परीक्षा फार्म से वंचित छात्र-छात्राओं के लिए पुनः फीस पोर्टल खुलवाने के संबंध में परिसर निदेशक के माध्यम से परीक्षा नियंत्रक सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा को ज्ञापन भेजा।वही नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द परीक्षाफल घोषित न होने की दशा में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।इस दौरान ज्ञापन साथ में प्रकाश वाछमी प्रदेश सचिव एनएसयूआई,विश्व विद्यालय प्रतिनिधि पंकज कुमार ललित कुमार छात्र प्रतिनिधि, संस्कार भारती, सौरभ धोनी,राहुल बाराकोटी आदि मौजूद थे।



# भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री से की मुलाकात

किच्छा(उद संवाददाता)। भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिला महामंत्री नितिन चरण व भाजपा महिला मोर्चा मंडल महामंत्री प्रियंका वाल्मीकि ने भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री उत्तराखंड के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम से दिल्ली स्थित उनके आवास पर भेंट कर स्वाथ्य के बारे में जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।उल्लेखनीय




है की भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विगत दिनों सड़क दुर्घटना मै घायल हो गए थे। अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने बताया कि उत्तराखंड के प्रदेश प्रभारी गौतम दुष्यंत से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की गई तथा कुशल क्षेम की जानकारी ली गई अब उनका स्वास्थ्य ठीक है तथा शीघ्र ही कार्य कर्ताओं के बीच मे उपस्थित होंगे।

# वनाग्नि की रोकथाम के लिए ग्रामीणों से मांगा सहयोग

नैनीताल(उद संवाददाता)। वनाग्नि की घटनाओं के नियंत्रण एवं रोकथाम पर पंचायतीराज जनप्रतिनिधियों एवं आम ग्रामवासियों की साझेदारी एवं सहभागिता को समाहित करते हुए जंगलों एवं आस-पास के ग्रामों की सम्पत्तियों को नुकसान से बचाने हेतु जिलाधिकारी की पहल पर पंचायती राज विभाग पूर्णतः सक्रिय होकर अपने ग्राम सभा स्तरीय कार्मिकों एवं अन्य हितधारकों के सहयोग से ग्राम सभाओं की खुली बैठके सतत् रूप् से आयोजित कर रहा है। जनपद के समस्त विकासखण्डों में आम सभा की बैठकों हेतु रोस्टर जारी करते हुए अधिक से अधिक ग्रामवासियों की सहभागिता सुनिश्चित कराते हुए बैठकों में ग्रा मव आस-पास के क्षेत्रों में खुले में अथवा सार्वजनिक स्थानों पर कुडे के जलाने पर प्रतिबंध लगाए जाने के प्रस्ताव आम सहमति से पारित करते हुए ऐसा कार्य करने वालों के विरूद्ध भारतीय वन अधिनियम, पंचायत राज अधिनियम एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही करने सम्बन्ध में निर्णय लिये जा रहे हैं। ग्राम सभाओं में आहूत की जा रही इन बैठकों में आम लोग एवं ग्रामवासी काफी बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं तथा प्रशासन को हर सम्भव मदद करने का संकल्प ले रहे हैं। इन बैठकों के माध्यम से वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम हेतु ग्रामवासी स्व प्रेरित होकर आग बुझाने के कार्य कर रहे हैं एवं वनाग्नि आदि से सम्बन्धित सूचनाएं भी त्वरित रूप से जिला नियंत्रण कक्ष को दे रहे हैं। लगातार आयोजित की जा रही बैठकों की प्रगति के सम्बन्ध में जिला पंचायत राज अधिकारी सुरेश बैनी द्वारा दिनांक 03 मई को विकास खण्ड धारी की मनाघेर, घानाचूली, जलना नील पहाड़ी, सेलालेख व मज्यूली, विकास खण्ड रामगढ़ के किलौर, कूल, सुयालबाडी, खेरदा व म्यौड़ा, विकासखण्ड भीमताल के डहरा, चोपड़ा, मंगोली, खुर्पाताल, थापला, मल्यूटी, ज्योली, नलनी, जलालगांव व खमारी, विकासखण्ड बेतालघाट के अमेल, भतरौज, मल्ला निगलाट, जाख, घुना, कफुल्टा, बारगल, गरजौली, तल्लगांव, व सिरौड़ी आदि ग्राम सभाओं में आमसभा की बैठक आहूत करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न जलाने सम्बन्ध प्रस्ताव पारित किये गये एवं आम जनमानस / ग्रामवासियों को वनाग्नि रोकथाम के लिये जागरूक भी किया गया। उन्होंने बताया कि जनपद के 08 विकसखण्डों की 479 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 362 ग्रामसभाओं में आमसभा की खुली बैठक आहूत कर ली गई है तथा शेष ग्राम सभाओं में भी बैठकें भी सतत् रूप से आहूत की जा रही है। इन खुली बैठकों में ग्रामवासियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न जलाए जाने सम्बन्ध चर्चा करने के साथ-साथ ग्राम व घरों के आसपास सूखी पत्तियाँ व अन्य ज्वलनशील कूड़े को साफ कर वनाग्नि से बचाव की कार्यवाही भी की जा रही है।बताया गया कि इन बैठकों में वनाग्नि की समस्या से निपटने हेतु ग्रामवासी स्वप्रेरित होकर श्रमदान आदि के द्वारा ग्राम व आसपास के जंगलों की साफ-सफाई करते हुए अपने क्षेत्र को वनाग्नि के खतरे से बचाने हेतु सहयोग दिये जाने का संकल्प ले रहे हैं।

# वार्डो की संख्या नही हुआ इजाफा

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर पंचायत नानकमत्ता में पांच साल में वोटरों की संख्या तो बढ़ी है लेकिन सीमा विस्तार न होने से वार्डो की संख्या में कोई इजाफा नही हुआ है। नगर पंचायत नानकमत्ता में पिछले चुनाव में वोटरो की संख्या करीबन करीबन 5900 थी जो कि इस बार बढ़कर करीब 6700 के आसपास पहुंचने की संभावना है। इस लिहाज से नगर पंचायत में वोटरों की संख्या में 5 साल में करीबन 800 वोटर बढ़े है। हलांकि अभी वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए सात दिन का समय है, ऐसे में वोटरों की संख्या बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। वही नगर पंचायत का सीमा विस्तार न होने से नगर पंचायत का ऐरिया में कोई बदलाव नही हुआ है। जिस कारण वार्डो की संख्या भी 7 है। जिसमें वार्ड न0 1 मिल्क नजीर, वार्ड 2 गढ़ीपटटी, वार्ड 3 थाना, वार्ड 4 टीआरसी वार्ड 5 मिल्क माफी , वार्ड 6 जगदम्बा वार्ड , वार्ड 7 तपेड़ा शामिल है। नगर पंचायत के पिछले चुनाव में नगर पंचायत के अध्यक्ष का पद समान्य वर्ग के लिए आरक्षित था, वही सात वार्डो में 3 पद महिलाओं के लिए आरक्षित था। जबकि वार्ड 1 मिल्क नजीर से माया राणा, वार्ड 2 गढ़ीपटटी से सुमनवती, वार्ड 3 थाना से सुखलाल, वार्ड 4 टीआरसी से प्रदीप विश्वास, वार्ड 5 मिल्क माफी से रंजीत राणा, वार्ड 6 जगदम्बा मंदिर से फिल्मी देवी वार्ड 7 तपेड़ा से नरेन्द्र सिह राणा विजयी हुए थे।

# शराब बेच रही महिला गिरफ्तार

सितारगंज (उद संवाददाता)।घर के बाहर कुर्सी डालकर ग्राहकों को कच्ची शराब बेच रही महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। एएसआई ममता कुटियाल ने दर्ज कराए मुकदमे में आरोप लगाया है कि पंडरी बंदे के पास पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि एक महिला कुर्सी डालकर कच्ची शराब बेच रही है। शराब शौकीनों की महिला के पास भीड़ लगी हुई है। इसके बाद एएसआई ममता कुटियाल, सिपाही चंद्र प्रकाश और महिला पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंची। उन्होंने महिला को हिरासत में ले लिया। महिला की कुर्सी के नीचे से कच्ची शराब की 52 पन्नी बरामद हुई।

# महिला ने गटका जहर, हालत गंभीर

सितारगंज (उद संवाददाता)। शक्तिफार्म क्षेत्र की महिला ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया। सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने महिला को सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। बलजीत कौर को गंभीर अवस्था में सरकारी अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने बताया कि महिला ने जहर खाया है। महिला की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उच्च स्तरीय इलाज के लिए रेफर कर दिया है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार छात्र की मौत, दूसरा घायल

रामनगर। बिनसर महादेव मंदिर से दर्शन कर लौटे बाइक सवार युवकों को टोटाम के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक छात्र की मौत हो गई जबकि दोस्त घायल हो गया। घायल युवक का बरेली स्थित अस्पताल में इलाज चल रहा है। रामनगर के गांव जस्सागांजा निवासी अभिनव (19 वर्ष) पुत्र अशोक कुमार गांव के दोस्त सचिन (18 वर्ष) पुत्र अशोक चंद्र के साथ बाइक से भतरौंजखान के पास बिनसर महादेव मंदिर दर्शन करने गया था। बृहस्पतिवार शाम दर्शन करके दोनों बाइक से लौट रहे थे। इस बीच टोटाम के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के



अनुसार हादसे के बाद दोनों घंटों तक सड़क किनारे पड़े रहे। इसी बीच एक कार चालक दोनों को रामनगर अस्पताल पहुंचाया और दोनों के परिजनों को सूचित किया। इलाज के दौरान अभिनव की मौत हो गई जबकि सचिन को रेफर कर दिया गया। सचिन का बरेली स्थित राममूर्ति में इलाज चल रहा है, उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि अभिनव इस बार 12वीं कक्षा में गया था। दूसरी ओर, घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नानक सागर चौकी पुलिस ने एक युवक को 3.50 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। नानक सागर चौकी इंचार्ज अशोक कुमार सहकर्मियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी राजकीय इण्टर कालेज प्रतापपुर होते हुए नगला तिराहा के पास पहुंचे तो एक व्यक्ति जोगीढेर कि तरफ से सडक किनारे पैदल आता दिखाई दिया। जो पुलिस को देख घबराकर पीछे मुडकर वापस जोगीठेर की तरफ जाने लगा। शक होने पर भाग रहे व्यक्ति का पीछा करके उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 3.50 ग्राम स्मैक बरामद हुयी। पूछताछ में युवक ने अपना नाम बलदेव सिंह पुत्र दतार सिंह निवासी जोगीठेर थाना नानकमत्ता बताया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

## पेज एक का शेष...

**कार खाई में गिरने से ...**चुकी थी। दो युवतियों और एक युवक को रेस्क्यू कर 108 एंबुलेंस के माध्यम से देहरादून हायर सेंटर भेजा गया। जहां एक युवक और एक युवती ने दम तोड़ दिया। गंभीर घायल एक युवती को दून अस्पताल भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि चार युवक और दो युवतियां देहरादून आईएमएस कॉलेज में पढ़ाई करते थे और मसूरी घूमने के लिए आए थे। सुबह के समय देहरादून वापस लौटते समय चूना खाने के पास कार अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई। देहरादून एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। मृतकों की पहचान दिग्नश प्रताप सिंह, छात्र आईएमएस, अमन राणा, छात्र आईएमएस सेलाकुई, आशुतोष तिवारी, आईएमएस पासआउट, हरद्यांश चंद्र, डीआईटी और तनु रावत, आईएमएस के रूप में हुई है। जबकि घायल मेरठ निवासी नैंसी की हालत चिंताजनक बनी हुयी है।

**अफसाना हत्याकांड का ...**के संग दो बच्चियों को सकुशल बरामद कर सीडब्ल्यूसी संस्था से समन्वय स्थापित करते काउन्सलिंग कर कार्यवाही की जा रही है। आरोपी सौरभ राज ने पूछताछ में बताया कि वह अपनी पत्नी आस्था उर्फ अफसाना पर शक करता था, जिस कारण आये दिन दोनों के बीच विवाद होते रहता था, जिससे उसने तंग आकर अपनी पत्नी का हाथ से गला दबा कर हत्या कर दी तथा अपने दोनों बच्चियों को लेकर फरार हो गया। आरोपी की गिरफ्तारी में एसओजी प्रभारी संजीत राठौर एवं चौकी प्रभारी मंगल पड़ाव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। खुलासा करने वाली टीम को एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने 2500 रूपये नगदी ईनाम देने की घोषणा की है। टीम में कोतवाल उमेश मलिक , उपनिरीक्षक दिनेश जोशी, एसओजी प्रभारी संजीत राठौर, हेड कांस्टेबल ललित श्रीवास्तव एसओजी, कांस्टेबल चन्दन नेगी एसओजी, टीपी नगर चौकी इंचार्ज दीपक बिष्ट, मण्डी चौकी प्रभारी विजय मेहता, हेड कांस्टेबल इसरार अहमद , कांस्टेबल अरविन्द,राजेश आदि शामिल रहे।

**पुलिस चौकी में घुसी...**से फरार हो गए। बस में लगभग 60 यात्री सवार थे। जानकारी मिलने पर मंगलौर कोतवाली में तैनात एसएसआई धर्मेंद्र राठी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को नारसन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। इस दौरान हाइवे पर लंबा जाम लग गया जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद सुचारु कराया। एसएसआई धर्मेंद्र राठी ने बताया कि 112 पर सूचना प्राप्त हुई थी कि एक बस चौकी को टक्कर मारते हुए हाईवे पर पलट गई है मौके पर पहुंच कर बस को क्रेन के द्वारा साइड में कर दिया गया है वहीं उन्होंने बताया कि बस को कब्जे में ले लिया है। बस ड्राइवर मौके से फरार हो गया है इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

8.66 **ग्राम स्मैक...**पुत्र राजेश वर्मा निवासी वार्ड न0 7 आजादनगर ट्राजिट कैम्प, बताया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से 8.66 ग्राम स्मैक बरामद की गयी। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह स्वयं स्मैक का नशा करता है और अपना खर्चा निकालने के लिए स्मैक बेचने का काम भी करता है। उसने बताया कि यह स्मैक एक महिला जिसकों मौसी-मौसी कहते हैं और वह रोडवेज के आस पास घूमती है उसी से लेकर आया था। पुलिस ने आरोपी का सम्बंधितत धाराओं में चालान करन न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की है।

**गुड़गांव में राज बब्बर...** उन्होंने कहा उत्तराखंड के युवा नेता बेहद लगातार अपना चुनाव प्रचार में सहयोग दे रहे हैं जिससे प्रतीत होता है कि आज का युवा कांग्रेस और गठबंधन की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहा है। उन्होंने बादशाहपुर विधानसभा में घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क साधा। इस मौके पर वर्धन यादव, संजय मक्कड़, वीरेंद्र सिंह, संजय यादव, रोहित गुर्जर, डॉक्टर धीरज देसाई समेत सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# अब उत्तराखंड 'सौर-दर्शन' से भी पैदा करेगा 'पैसा'

## देवभूमि को एस्ट्रो टूरिज्म डेस्टिनेशन बनाने की कवायद आरंभ, जून के प्रथम सप्ताह में मसूरी के जॉर्ज एवरेस्ट में आयोजित होगी नक्षत्र सभा, नक्षत्र सभा के द्वारा तारों को देखने, विशेष सौर अवलोकन, एस्ट्रो फोटोग्राफी प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों को दिया जाएगा बढ़ावा

-अर्श-

रूद्रपुर। परंपरागत टूरिज्म अर्थात धार्मिक एवं प्राकृतिक टूरिज्म से इतर अब उत्तराखंड को एक अलग तरह के टूरिज्म क्षेत्र में पहचान दिलाने की संकल्पना की जा रही है। बताने की जरूरत नहीं कि चार धाम एवं हेमकुंड साहिब सहित अन्य विभिन्न धार्मिक स्थलों एवं अपनी अप्रतिम प्राकृतिक छटा के कारण उत्तराखंड विश्व भर में विख्यात है और उत्तराखंड का प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के लिए पूरी दुनिया के लोग खिचे चले आते हैं।मगर अब सूबे का पर्यटन महकमा एक ऐसी अभिनव पहल करने जा रहा है जो उत्तराखंड के पर्यटन क्षेत्र के लिए सोने पर सुहागा वाली स्थिति हो सकती है, क्योंकि इस पहल के द्वारा न केवल राज्य के पर्यटन उद्योग को समग्रता मिलेगी बल्कि इसके द्वारा बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था भी की जा सकेगी। बताना होगा कि प्रदेश के पर्यटन महकमे की यह पहल एस्ट्रो टूरिज्म के क्षेत्र में होगी। प्रदेश के पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे के अनुसार उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की ओर से एस्ट्रो टूरिज्म को बढ़ावा देने को एस्ट्रो टूरिज्म कंपनी स्टारस्केप्स के सहयोग से 'नक्षत्र सभा' का आयोजन करने की योजना को अमली जामा पहने जाने की तैयारियां अंतिम दौर में है। नक्षत्र सभा के आयोजन की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए जानकारी देते हुए पर्यटन सचिव कुर्वे ने आगे बताया कि ये भारत का पहला वार्षिक अभियान है और इस नक्षत्र सभा द्वारा तारों को देखने, विशेष सौर अवलोकन, एस्ट्रोफोटोग्राफी प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। पर्यटन सचिव के अनुसार एक जून से तीन जून तक जॉर्ज एवरेस्ट मसूरी में नक्षत्र सभा का



आयोजन होगा।इस आयोजन में उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों पर एस्ट्रो टूरिज्म कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित होगी। इसमें विशेषज्ञों के साथ सेमिनार और वेबिनार के अलावा उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, नैनीताल, चमोली जिलों में डार्क स्काई संभावित स्थलों को कवर किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य खगोल विज्ञान के प्रति उत्साही लोगों और यात्रियों को ब्रह्मांड की सुंदरता को देखने के लिए एक साथ पर लाना है साथ ही यह अभियान स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण और कौशल विकास के अवसर भी प्रदान करेगा तथा इससे रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे। इस अभियान के तहत स्टारस्केप्स की टीम स्थानीय समुदायों, यात्रा और पर्यटन भागीदारों के साथ साथ होमस्टे समुदायों के साथ सक्रिय रूप से कार्य करेगी तथा नक्षत्र सभा के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने को प्रशिक्षण और निरंतर सहायता प्रदान करेगी ।नक्षत्र सभा भारत में अपनी तरह का पहला एस्ट्रो टूरिज्म अभियान है और इसका उद्देश्य दुनिया भर से लोगों को उत्तराखंड आने के लिए आमंत्रित करना है। पर्यटन सचिव ने अपनी भावी कार्य योजना पर प्रकाश डालते हुए आगे कहा कि हम राज्य में आने एस्ट्रो टूरिज्म प्रेमियों को उत्तराखंड की अनूठी विरासत की झलक दिखाने के साथ -साथ ब्रह्मांड के जादू का अनुभव करने और इस तरह के कई और अभियानों की मेजबानी करने को उत्सुक हैं,जो उत्तराखंड को वैश्विक एस्ट्रो टूरिज्म मानचित्र पर ला सकते हैं। उधर राज्य के पर्यटन महकमे के सहयोग से उत्साहित स्टारस्केप्स के संस्थापक रामाशीष रे का कहना था कि पिछले कई वर्षों से हम राज्य में अनुभव केंद्रों और वेधशालाओं की अपनी श्रृंखला के माध्यम से बढ़ावा दे रहे हैं और अब उत्तराखंड को एक आदर्श एस्ट्रो टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित कर स्थानीय समुदायों को एस्ट्रो टूरिज्म से जोड़कर रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे ।उन्होंने आगे बताया की नक्षत्र सभा की मुख्य विशेषताओं में विशेष उपकरणों के माध्यम से तारों को देखना, एस्ट्रो टूरिज्म पर विशेषज्ञ वार्ता, एस्ट्रोफोटोग्राफी प्रतियोगिता आदि शामिल हैं।






# दिन रात आग से धधक रहे हैं जंगल

## 57 प्रशिक्षु रेंजर को पर्वतीय और 39 को मैदानी क्षेत्र में भेजा जाएगा

नैनीताल। प्रदेश के जंगलों में बीते 24 घंटे में वनाग्नि की 43 घटनाएं रिपोर्ट हुई हैं। इसमें कुमाऊं के जंगलों में 33 जगहों पर आग लगने की घटनाएं हुई हैं। आठ घटनाएं गढ़वाल मंडल और दो वन्यजीव क्षेत्र में हुई हैं। इन घटनाओं में राज्य में करीब 63 हेक्टेअर क्षेत्रफल में वन संपदा को नुकसान पहुंचा है।वन संरक्षक पश्चिम वृत्त विनय भार्गव ने बताया कि तराई पूर्वी वन प्रभाग के किशनपुर रेंज, रामनगर वन प्रभाग के फतेहपुर रेंज में टीम ने वनाग्नि पर काबू पाया। फतेहपुर में टीम दो किलोमीटर तक पैदल भी चली। इसी तरह हल्द्वानी वन प्रभाग के अंतर्गत डांडा रेंज में आग बुझाने के लिए टीम आठ किमी पैदल गई। वहीं, पंचायत राज विभाग के अधिकारियों के अनुसार सामुदायिक सहभागिता को सुनिश्चित करने के क्रम में डीएम के निर्देश पर विभिन्न ग्राम सभा स्तर पर बैठक कर सार्वजनिक तौर पर कूड़े को जलाने पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पारित किए जा रहे हैं। वनाधिकारियों के अनुसार जंगल में आग की सूचना टोल फ्री नंबर 18001804141, आपदा कंट्रोल रूम 05942-231179, पश्चिम वृत्त 05946-220003 और दृक्षिण वृत्त में 05946-235452 नंबर पर दे सकते हैं। बेतालघाट ब्लॉक के कोसी रेंज के जंगल में बृहस्पतिवार को अचानक आग लग गई। दोपहर बाद तेज हवाओं और चीड़ के पेड़ों से गिरे पिरूल से आग तेजी से जंगल में फैल गई। इससे वन संपदा को नुकसान पहुंचा हैं। जंगल में लगी आग के चलते आसपास के क्षेत्रों में धुआं फैलता रहा। देर शाम तक जंगल में लगी आग पर काबू नहीं पाया जा सका था। वन विभाग ने सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर फॉरेस्ट ट्रेनिंग अकादमी के प्रशिक्षु रेंजरों को वनाग्नि नियंत्रण से जुड़ी जानकारी देने और सहयोग लेने का फैसला किया है। वन संरक्षक स्तर के अधिकारियों के निर्देशन में 96 प्रशिक्षु रेंजर को नैनीताल वन प्रभाग समेत दूसरी रेंज में वनों की आग पर काबू पाने के लिए मदद को भेजा जाएगा। हल्द्वानी स्थित फॉरेस्ट ट्रेनिंग अकादमी में मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडू, यूपी, महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों के 96 रेंजर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इन रेंजरों को अब तक वनाग्नि को लेकर क्लास रूम में जानकारी दी जाती है। पर अब उन्हें वनों की आग को नियंत्रित करने के लिए जंगलात की कार्यप्रणाली की जानकारी देने के साथ सहयोग लेने का फैसला किया गया है। इसी क्रम में पहले रेंजरों को वनाग्नि से जुड़ी सैद्धांतिक जानकारी दी गई है। इसके बाद प्रशिक्षणरत रेंजरों को पर्वतीय और मैदानी क्षेत्र में जंगल की आग बुझाने के कार्य में जुटे वन कर्मियों को सहयोग के लिए भेजा जाएगा। अकादमी निदेशक डॉ. तेजस्विनी पाटिल का कहना है कि इन वनकर्मियों को वनाग्नि नियंत्रण के लिए ग्राउंड लेवल पर कार्य करने की जानकारी मिलेगी। 57 प्रशिक्षु रेंजर को पर्वतीय और 39 को मैदानी क्षेत्र में भेजा जाएगा। यह दोनों टीम वन संरक्षक टीआर बीजूलाल और नीतिशमणि त्रिपाठी के निर्देशन में जाएगी। वन विभाग को दो सौ से अधिक वन दरोगा मिले हैं। इन वन दरोगा का फॉरेस्ट ट्रेनिंग अकादमी समेत अन्य जगहों पर एक अप्रैल से प्रशिक्षण शुरू होना था। अकादमी निदेशक डॉ. तेजस्विनी पाटिल कहती हैं कि फायर सीजन के कारण वन दरोगा का प्रशिक्षण स्थगित किया गया है। यह वन दरोगा अपने कार्यस्थल पर वनाग्नि नियंत्रण में मदद कर रहे हैं। अब प्रशिक्षण जून से शुरू करने की तैयारी है।





